# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 12 | बिजौलिया - बुधवार,05 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## राजस्थान टीबी मुक्त बनने की ओर तेजी से बढ़ा AI और आधुनिक तकनीक से मिलेगी टीबी को मात

**85 लाख लोगों की स्क्रीनिंग, 6,547 पंचायतें टीबी मुक्त; मुख्यमंत्री बोले- यह केवल स्वास्थ्य विभाग नहीं, जन-जन का अभियान**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मजबूत जांच व्यवस्था और व्यापक जनभागीदारी के समन्वय से टीबी नियंत्रण की बहु-आयामी रणनीति लागू की है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में टीबी की समय पर पहचान, गुणवत्तापूर्ण जांच और शीघ्र उपचार तक मरीजों की पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक संभावित मरीज की पहचान कर संक्रमण की श्रृंखला को समाप्त करना और राजस्थान को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाना है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 'टीबी मुक्त राजस्थान' केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन के सहयोग से चलाया जा रहा जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनका विश्वास है कि आधुनिक



तकनीक, मजबूत जांच व्यवस्था और जनभागीदारी के बल पर राजस्थान शीघ्र ही टीबी मुक्त राज्य बनेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेशभर में टीबी उन्मूलन गतिविधियां मिशन मोड में संचालित की जा रही हैं। वर्तमान में राज्य में 137 हैंड हेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीनों के माध्यम से ग्राम पंचायतों और प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों तक विशेष स्क्रीनिंग शिविर लगाए जा रहे हैं। इन पोर्टेबल मशीनों से दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में भी मौके पर ही चेस्ट एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध हो रही है, जिससे संभावित टीबी मरीजों की पहचान तेजी से संभव हो रही है। इसके साथ ही प्रदेश में 643 नाट (NAAT) मशीनों का नेटवर्क विकसित किया गया है, जिससे टीबी और ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की त्वरित एवं सटीक जांच कर मरीजों का उपचार शीघ्र शुरू किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने टीबी नियंत्रण कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी प्रभावी उपयोग शुरू किया है। 'कफ अगेंस्ट टीबी' तकनीक खांसी की आवाज और लक्षणों के आधार पर संभावित टीबी की शुरुआती पहचान करने में मदद करती है। वहीं 'प्रेडिक्शन ऑफ एडवर्स टीबी आउटकम्स' तकनीक उपचार के दौरान जटिलताओं की आशंका वाले मरीजों की पहले से पहचान करती है, जबकि 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग फॉर टीबी' के जरिए ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जा रहा है जहां टीबी का खतरा अधिक है, ताकि वहां विशेष अभियान चलाए जा सकें। प्रदेश में 14 जुलाई से चल रहे विशेष सक्रिय क्षय रोग खोज अभियान के तहत अब तक 85 लाख से अधिक लोगों की घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इससे पहले 24 मार्च से 27 जुलाई तक चले 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान 38 लाख 23 हजार लोगों की स्क्रीनिंग, 34 लाख 37 हजार चेस्ट एक्स-रे और 2 लाख 79 हजार नाट जांचें की गईं। इस अभियान में 58 हजार 358 नए टीबी मरीजों की पहचान हुई, जिनमें 15 हजार 302 ऐसे मरीज भी शामिल रहे जिनमें टीबी के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं थे। टीबी उन्मूलन अभियान में जनभागीदारी को भी विशेष महत्व दिया गया है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, निक्षय मित्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से जागरूकता, पोषण सहायता और सामाजिक समर्थन का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2025 में प्रदेश की 6,547 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा चुकी हैं। राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी शिविरों और निक्षय मित्र अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों ने टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराई हैं, जिससे उपचार के दौरान मरीजों को आवश्यक पोषण सहायता मिल रही है। सरकार का मानना है कि तकनीक और जनसहभागिता के इस मॉडल से राजस्थान जल्द ही टीबी मुक्त राज्य बनने की दिशा में एक बड़ा लक्ष्य हासिल करेगा।

## सरकारी आवास पर घायल मिले सदर थाना प्रभारी गंभीर हालत में अस्पताल रेफर; घटना की जांच शुरू





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनीत चपलोत।** शहर के सदर थाना प्रभारी लोकपाल सिंह मंगलवार शाम अपने सरकारी आवास पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिलने से पुलिस महकमे में अचानक हलचल मच गई। ड्यूटी पर रवाना होने से ठीक पहले हुई इस घटना के बाद उन्हें तत्काल महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रामस्नेही अस्पताल रेफर कर दिया। घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम थाना क्षेत्र में प्रस्तावित नाकाबंदी में थाना प्रभारी लोकपाल सिंह की ड्यूटी निर्धारित थी। इसी दौरान वे अपने सरकारी क्वार्टर में तैयार हो रहे थे। कुछ ही देर बाद वे गंभीर रूप से घायल अवस्था में फर्श पर पड़े मिले। प्रारंभिक स्तर पर उनके कान के पास गोली लगने की चर्चा सामने आ रही है, लेकिन पुलिस ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की हैघर में मौजूद परिजनों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी सरकारी आवास पहुंचे और घायल थाना प्रभारी को तत्काल महात्मा गांधी चिकित्सालय लेकर पहुंचे। चिकित्सकों की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए रामस्नेही अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सागर राणा सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंच गए। अधिकारियों ने चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी जुटाई। अस्पताल परिसर में देर रात तक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही बनी रही।

सूत्रों के अनुसार घटना के समय लोकपाल सिंह के माता-पिता और पत्नी सरकारी आवास पर मौजूद थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने ड्यूटी पर निकलने से पहले थाना स्टाफ को वाहन तैयार रखने के लिए भी कहा था। इसके बाद अचानक यह घटनाक्रम सामने आया। हालांकि घटना कैसे हुई और इसके पीछे क्या वजह रही, इस संबंध में पुलिस ने अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

लोकपाल सिंह मूलतः अजमेर जिले के विजयनगर क्षेत्र के नादसी गांव के निवासी हैं। कुछ माह पूर्व ही उनका विवाह हुआ था। परिवार में माता-पिता और तीन भाई हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## बिजोलिया में सरकारी अस्पताल के बाहर से चोरी हुई बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी व आसूचना के आधार पर 3 दिन में खुलासा**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

थाना पुलिस ने सरकारी उप जिला चिकित्सालय के बाहर से चोरी हुई मोटरसाइकिल का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है।

थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या ने बताया कि 1 अगस्त को इन्द्रा कॉलोनी निवासी नरेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी हीरो होंडा सीडी डीलक्स बाइक , जो सरकारी उप जिला चिकित्सालय बिजौलिया के बाहर खड़ी थी, अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने विशेष पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना के आधार पर संदिग्ध सागर कुमार धाकड़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सागर कुमार धाकड़ (31) पुत्र हीरालाल धाकड़, निवासी धाकड़ मोहल्ला, गणेशपुरा, थाना बिजौलिया के रूप में हुई है।

पुलिस टीम में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या, हेड कांस्टेबल सुनील चाहर तथा कांस्टेबल रवि सिंह, लाखन सिंह और जितेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दूध के टैंकर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, जेठ घायल

**बीगोद अस्पताल में स्थायी चिकित्सक नहीं होने से मांडलगढ़ में हुआ पोस्टमार्टम**

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

थाना क्षेत्र के खटवाड़ा-जोजवा मार्ग पर मंगलवार को दूध के टैंकर और बाइक की भिड़ंत में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका जेठ घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी जय सुल्तान ने बताया कि नाहरगढ़ निवासी चांद कंवर (46), पत्नी भंवर सिंह राजपूत, अपने जेठ भंवर सिंह (47), पुत्र इंद्र सिंह राजपूत के साथ बाइक से गोवटा माताजी के दर्शन के लिए जा रही थीं।



इसी दौरान खटवाड़ा-जोजवा मार्ग पर सामने से आए दूध के टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में चांद कंवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भंवर सिंह घायल हो गए। घायल भंवर सिंह को सामुदायिक



चिकित्सालय बीगोद में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं मृतका के शव का पोस्टमार्टम राजकीय चिकित्सालय मांडलगढ़ में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### स्थायी डॉक्टर नहीं होने से बढ़ी परेशानी

बीगोद के सामुदायिक चिकित्सालय में स्थायी चिकित्सक नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में पुलिस और परिजनों को शव को मांडलगढ़ ले जाना पड़ा। इस व्यवस्था को लेकर नगरवासियों में नाराजगी है। लोगों ने अस्पताल में स्थायी चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है, जिससे दुर्घटना और अन्य मामलों में अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है।

## 15 अगस्त की तैयारियों में जुटा प्रशासन, भव्य आयोजन के लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

आजादी के अमृत पर्व की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, अनुशासित एवं गरिमामय बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। समारोह कस्बे की इंदिरा कॉलोनी स्थित राजकीय विद्यालय के नवीन भवन परिसर में आयोजित होगा। समारोह को लेकर मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागवार जिम्मेदारियां तय की गईं। उपखंड अधिकारी स्वाति झा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारियां पूरी करें और राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए।

उपखंड अधिकारी स्वाति झा की अध्यक्षता में



आयोजित बैठक में समारोह की संपूर्ण रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्यार्थियों की भागीदारी, यातायात, पार्किंग, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में पुलिस विभाग को ध्वजारोहण के दौरान सलामी की व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, समारोह स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखने तथा कार्यक्रम समाप्त होने से पूर्व विद्यार्थियों को बाहर नहीं जाने देने के विशेष निर्देश दिए गए।

नगरपालिका को समारोह स्थल पर साफ-सफाई, वाटरप्रूफ टेंट, मंच निर्माण, फर्नीचर, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पेयजल, विद्युत एवं





प्रकाश व्यवस्था, आकर्षक सजावट तथा मिठाई वितरण सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपखंड अधिकारी ने कहा कि आयोजन स्थल पर किसी भी मूलभूत सुविधा की कमी नहीं रहनी चाहिए।

शिक्षा विभाग को सरकारी विद्यालयों के अधिकतम विद्यार्थियों की अनुशासित भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निजी विद्यालयों से भी स्वैच्छिक भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। उपखंड अधिकारी ने घोषणा की कि समारोह में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

बैठक में यह तथ्य भी सामने आया कि क्षेत्र के 15 निजी विद्यालयों में से केवल 8 विद्यालयों के प्रतिनिधि ही बैठक में उपस्थित हुए। इस पर नाराजगी जताते हुए उपखंड अधिकारी ने भविष्य में इस प्रकार की अनुशासनहीनता पर संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी। सम्मान समारोह को लेकर भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। उपखंड अधिकारी ने कहा कि सम्मान के लिए केवल समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा बेदाग छवि वाले व्यक्तियों का ही चयन किया जाए। साथ ही बैठक से अनुपस्थित रहने वाले विभागों एवं अधिकारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीबीईओ राजेश कुमार शर्मा, सहायक विकास अधिकारी रामेश्वर बैरवा, एसीबीईओ कन्हैयालाल शर्मा, राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप महावर सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 15 साल से बदहाल सड़क पर फूटा लोगों का गुस्सा, घुटनों तक पानी में उतरकर किया प्रदर्शन

**समस्या का समाधान नहीं होने पर निकाय चुनाव में मतदान बहिष्कार की दी चेतावनी**






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनीत चपलोत।** शहर के गांधीनगर स्थित शनिदेव मंदिर के पीछे गाडरी खेड़ा क्षेत्र में वर्षों से बदहाल सड़क और जलभराव की समस्या मंगलवार को जनआक्रोश में बदल गई। बारिश के बाद सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाने से नाराज क्षेत्रवासियों ने पानी में उतरकर प्रदर्शन किया और प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क का पुनर्निर्माण और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई तो आगामी निकाय चुनाव में क्षेत्रवासी मतदान का बहिष्कार करेंगे।

प्रदर्शन के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि गांधीनगर को आजाद नगर से जोड़ने वाला गाडरी खेड़ा मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से भारी ट्रांसपोर्ट वाहन भी गुजरते हैं, लेकिन वर्षों से सड़क की हालत इतनी खराब है कि हर बारिश में यह पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को खतरे के बीच आवागमन करना पड़ता है।


स्थानीय निवासी अंकित कुमार सुखवाल ने बताया कि करीब 15 वर्षों से सड़क की स्थिति नहीं सुधरी है। हर बारिश में घुटनों तक पानी भर जाता है, वाहन फंस जाते हैं और आए दिन लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि कई बार जिला प्रशासन, नगर निगम और जनप्रतिनिधियों को शिकायतें दी गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो सका। उनका आरोप था कि सड़क केवल कागजों में बनी दिखाई देती है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। स्थानीय महिला लीला देवी शर्मा ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बने हुए हैं। बारिश के दौरान पानी भर जाने से लोगों को गड्ढों का अंदाजा तक नहीं लग पाता और दोपहिया वाहन चालक अक्सर गिरकर घायल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

शनिदेव मंदिर के पुजारी हीरालाल जोशी ने कहा कि जर्जर सड़क और जलभराव के कारण दुर्घटनाओं के साथ-साथ मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय विधायक, नगर निगम, जिला प्रशासन, कलेक्ट्रेट और पार्षद को कई बार ज्ञापन और शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से गाडरी खेड़ा क्षेत्र की सड़क का शीघ्र पुनर्निर्माण कराने तथा प्रभावी जल निकासी व्यवस्था विकसित करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि वर्षों पुरानी इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आगामी निकाय चुनाव में मतदान का बहिष्कार कर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

# राष्ट्र संत पुलकसागरजी महाराज को राजस्थान सरकार ने दिया राजकीय अतिथि का दर्जा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज को राजस्थान सरकार ने राजकीय अतिथि (स्टेट गेस्ट) का दर्जा प्रदान किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिला प्रशासन को चातुर्मास अवधि के दौरान प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसे जैन समाज के लिए सम्मान और गौरव का विषय माना जा रहा है।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (प्रोटोकॉल) के उप सचिव द्वारा जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास के दौरान राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज को राजकीय अतिथि के रूप में निर्धारित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

आदेश के अनुसार महाराजश्री के आगमन और प्रस्थान के दौरान प्रोटोकॉल अधिकारी नियुक्त रहेगा तथा यात्रा एवं प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी राजकीय प्रोटोकॉल के अनुरूप सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन को आवश्यक समन्वय कर सभी व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में इस वर्ष भीलवाड़ा में पहली बार राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज का चातुर्मास आयोजित हो रहा है, जिसे लेकर समाज में विशेष उत्साह का वातावरण है।

श्री पुलकसागर चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी एवं संयोजक मनीष शाह ने महाराजश्री को राजकीय अतिथि घोषित किए जाने पर राजस्थान सरकार तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए इसे भीलवाड़ा और जैन समाज के लिए गौरवपूर्ण निर्णय बताया।

# विधिक जागरूकता शिविर , गुड टच-बैड टच एवं बाल संरक्षण पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

मानव तिवाड़ी

तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा मंगलवार को संस्कार भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे' कार्यक्रम के तहत 'गुड टच-बैड टच एवं बाल संरक्षण' विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं सिविल न्यायाधीश रुपल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, बाल शोषण से बचाव, मानसिक एवं शारीरिक सुरक्षा तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में निडर होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम , भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दी।

पैनल अधिवक्ता सुनील कुमार जोशी ने बाल अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से किसी भी अनुचित व्यवहार की जानकारी तत्काल अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित प्राधिकरण को देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक चर्चा की गई तथा बाल सुरक्षा से संबंधित जागरूकता सामग्री का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर रीडर गोपेश शर्मा, पायल लूनीवाल, पीएलवी गोपाल लाल पाराशर, सुनीता नायक, रघुनाथ सिंह, आदर्श सोनी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# 'अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श' की दी जानकारी, छात्राओं को पोक्सो कानून व अधिकारों के प्रति किया जागरूक



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के अध्यक्ष अभय जैन के निर्देशन में मंगलवार को 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे' अभियान के तहत भीलवाड़ा न्याय क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान छात्राओं को 'गुड टच-बैड टच', पोक्सो कानून, विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

इसी क्रम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुलमंडी में आयोजित शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के अनुचित स्पर्श, दुर्व्यवहार अथवा शोषण की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। उन्होंने छात्राओं को 'शोषण के खिलाफ आवाज उठाओ, स्वयं अपने रक्षक बनो' तथा 'अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श का अंतर समझो और सुरक्षित रहो' का संदेश दिया।

शिविर में छात्राओं को पोक्सो अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल अधिकारों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में नियमित रूप से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि बच्चों, महिलाओं और आमजन को उनके कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी मिल सके।

# जोगणिया माता में आज एक दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

जोगणिया माता शक्तिपीठ में आज एक दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का आयोजन शक्तिपीठ परिसर स्थित रामलीला मैदान में होगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया की कथा का वाचन महाराज प्रेम नारायण गेहूं खेड़ी वाले के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं भागवत महिमा का वर्णन किया जाएगा।

# नई रेल लाइन की स्वीकृति, देश में सुख-समृद्धि एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर गंगापुर से किन्नौर कैलाश महादेव यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर



क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित भीलवाड़ा-गंगापुर-नाथद्वारा नई रेल लाइन की शीघ्र स्वीकृति एवं निर्माण, देश में सुख-समृद्धि, उत्तम वर्षा, किसानों की खुशहाली तथा जनकल्याण की मंगलकामना को लेकर गंगापुर से चार श्रद्धालुओं का दल हिमाचल प्रदेश स्थित पवित्र किन्नौर कैलाश महादेव यात्रा के लिए रवाना हुआ ।

यात्रा दल में कैलाश चंद्र, राम प्रसाद माली, संजय माली एवं योगेश गहलोत शामिल हैं। यात्रा पर प्रस्थान से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर देश की एकता, अखंडता, सामाजिक सौहार्द, पर्यावरण संरक्षण, समय पर अच्छी वर्षा तथा समस्त मानव समाज के कल्याण की प्रार्थना की।

श्रद्धालुओं ने बताया कि किन्नौर कैलाश महादेव की यात्रा भगवान शिव के सबसे कठिन एवं पवित्र तीर्थों में से एक मानी जाती है। दुर्गम पर्वतीय मार्ग से होकर की जाने वाली यह यात्रा श्रद्धा, तप, साहस और अटूट आस्था का प्रतीक है। यात्रा के दौरान भगवान शिव से क्षेत्र की वर्षों पुरानी भीलवाड़ा-गंगापुर-नाथद्वारा नई रेल लाइन की स्वीकृति एवं शीघ्र निर्माण के लिए विशेष प्रार्थना की जाएगी, ताकि क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके और आमजन को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्राप्त हों।


यात्रा दल ने कहा कि वे भगवान भोलेनाथ से देश में शांति, समृद्धि, खुशहाली, अच्छी वर्षा, किसानों की उन्नति तथा प्रत्येक नागरिक के स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना करेंगे।

यात्रा पर रवाना होने से पूर्व परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने श्रद्धालुओं का माल्यार्पण कर मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। 'हर-हर महादेव ', 'बम-बम भोले' और 'जय किन्नौर कैलाश महादेव' के जोश के साथ श्रद्धालुओं का दल गंगापुर से हिमाचल प्रदेश के लिए प्रस्थान हुआ ।

# कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी व विधायक गोपीचंद मीणा करेंगे करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।





विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी एवं विधायक गोपीचंद मीणा के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम के तहत जालमपुरा स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका आवासीय छात्रावास मॉडल स्कूल भवन का दोपहर 3 बजे लोकार्पण किया जाएगा। करीब 4 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस भवन का उद्घाटन जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी एवं विधायक गोपीचंद मीणा करेंगे।

इसके अलावा दोपहर 2:15 बजे भगतो का झोपड़ा रोड स्थित जहाजपुर खेल स्टेडियम में 30 लाख रुपये की लागत से कराए गए विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया जाएगा।



# बनेड़ा महाविद्यालय में गुरु वंदन एवं 'एक शिक्षक-एक वृक्ष' कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**परमेश्वर**

राजकीय महाविद्यालय बनेड़ा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान की स्थानीय इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को गुरु वंदन एवं 'एक शिक्षक-एक वृक्ष' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संस्कार, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभाग सह कार्यवाह श्रवण तथा विशिष्ट अतिथि जिला कार्यवाह शंकर लाल कुमावत रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कन्हैया लाल मीणा ने की।

मुख्य वक्ता श्रवण ने महर्षि वशिष्ठ, महर्षि सान्दीपनि एवं समर्थ गुरु रामदास के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब शिष्य अपने गुरु के ज्ञान और मार्गदर्शन को हृदय से स्वीकार करता है, तब उसका जीवन सफलता और उत्थान की दिशा में अग्रसर होता है।



विशिष्ट अतिथि शंकर लाल कुमावत ने युवाओं से अपनी सनातन संस्कृति से जुड़ने, चरित्र निर्माण को प्राथमिकता देने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कन्हैया लाल मीणा ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में गुरु की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें अनुशासित, परिश्रमी एवं संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर खंड संचालक लक्ष्मी लाल चौबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन स्थानीय इकाई सचिव सुबोध कुमार शर्मा ने किया तथा अंत में डॉ. सिद्धार्थ कुमार देसाई ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के उपरांत 'एक शिक्षक-एक वृक्ष' अभियान के तहत अतिथियों एवं संकाय सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय में एसडीएमसी बैठक आयोजित, विद्यालय विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति (एसडीएमसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि अनिल पारीक, नंदलाल सेन, चेयरमैन प्रतिनिधि सुनील नागौरी, महावीर लड्ढा, एसडीएमसी सदस्य हनुमान कुमावत, प्रिंस दुगड़ तथा शिक्षक महावीर जीनगर, कन्हैयालाल सुवालका, अक्षय पहाड़िया एवं सविता कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।




बैठक में एसडीएमसी का पुनर्गठन किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में निर्मित प्रार्थना स्थल के टीन शेड के उद्घाटन के लिए विधायक से समय लेने का निर्णय लिया गया।

विद्यालय के पूर्व छात्र अक्षत के नीट परीक्षा में चयन होने पर सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी। इसके अलावा 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत समिति सदस्यों ने विद्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण भी किया।

बैठक में सर्वसम्मति से अध्यापिका सविता कुमारी को एसडीएमसी का सचिव नामित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह राणावत ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया।

# सावर में आज कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, तैयारियां पूरी; डॉ. रघु शर्मा सहित कई दिग्गज नेता होंगे शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**

केकड़ी विधानसभा क्षेत्र के सावर नगर पालिका मुख्यालय पर बुधवार को कांग्रेस देहात के तत्वावधान में स्थानीय जनसमस्याओं एवं राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के विरोध में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया।

पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सागर शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आयोजन को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा की।



अजमेर देहात कांग्रेस के जिला महासचिव एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि धरना-प्रदर्शन के दौरान केकड़ी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के साथ-साथ राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के शामिल होने की संभावना है।

धरना-प्रदर्शन में विकास चौधरी, डॉ. रघु शर्मा, सागर शर्मा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापक जनसंपर्क एवं घर-घर संपर्क अभियान भी चलाया गया है।

# समरसता संकल्प अभियान के तहत भाजपा की संवाद संगोष्ठी आयोजित

## विधायक डॉ. लालाराम बैरवा बोले बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करें, भ्रष्टाचार के आरोप राजनीतिक साजिश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचंद पेसवानी।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत सोमवार को शाहपुरा पंचायत समिति सभागार में संवाद संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में शाहपुरा एवं फुलियाकलां क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। संगोष्ठी में सामाजिक समरसता, आगामी पंचायत एवं निकाय चुनावों की तैयारियों तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर चर्चा हुई।

मुख्य वक्ता शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने संत रविदास जी के समरसता एवं सामाजिक समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त से शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में संत रविदास जी के पवित्र कलश की यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई।



विधायक ने कहा कि आगामी पंचायत एवं निकाय चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण हैं और संगठन की सबसे बड़ी ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने, नए लोगों को जोड़ने और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. बैरवा ने हाल के दिनों में उन पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि ये आरोप निराधार हैं और उन्हें राजनीतिक रूप से बदनाम करने की साजिश का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अवसरवादी तत्व व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते ऐसे प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सत्य सामने आएगा और बदनाम करने वालों को जल्द बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने अपने कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क, पेयजल, शिक्षा और चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि उनके व्यवहार से किसी की भावना आहत हुई हो तो वे उसके लिए क्षमा चाहते हैं और भविष्य में भी सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। संगोष्ठी को पूर्व प्रधान गोपाल गुर्जर, पूर्व पालिकाध्यक्ष कन्हैयालाल ढाकड़ तथा भाजपा नेता नरेश व्यास ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती और संत रविदास जी के विचारों के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट कैलाश ढाकड़ ने किया। अंत में समरसता संकल्प अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा पंचायत एवं निकाय चुनाव में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

QUICK BITES

## 6 अगस्त को बनेड़ा में लगेगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, मोतियाबिंद मरीजों का होगा चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**




**परमेश्वर**

क्षेत्रवासियों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राम स्नेही चिकित्सालय अनुसंधान केंद्र की ओर से गुरुवार को बनेड़ा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर चेतन ऑप्टिकल, बस स्टैंड रोड, प्रताप चौक, बनेड़ा में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

जानकारी देते हुए भाजपा नेता रामेश्वर लाल बैरवा ने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतिष्ठा छीपा एवं उनकी टीम द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। शिविर में मोतियाबिंद, ग्लूकोमा सहित विभिन्न नेत्र रोगों की जांच कर मरीजों को उचित परामर्श दिया जाएगा। जांच के बाद चयनित मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन राम स्नेही चिकित्सालय अनुसंधान केंद्र, भीलवाड़ा में आधुनिक तकनीक से किया जाएगा।

## न्यायालय परिसर के विकास कार्यों के लिए विधायक अशोक कोठारी से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने मंगलवार को विधायक अशोक कोठारी से मुलाकात कर न्यायालय परिसर में विभिन्न विकास कार्य कराने की मांग रखी। विधायक ने प्रस्तावित कार्यों के लिए विधायक कोष से राशि स्वीकृत करने की सहमति देते हुए आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

प्रतिनिधिमंडल में संस्था के उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्यसिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कचोलिया, दुर्गेश शर्मा तथा मनोनीत सदस्य पीरू सिंह गौड़ शामिल रहे।

अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने विधायक के समक्ष न्यायालय परिसर में रंग-रोगन, इंटरलॉक टाइल्स बिछाने, एमएसीटी कोर्ट एवं राजस्व न्यायालय में टाइल्स और रंग-रोगन कराने तथा सीजेएम कोर्ट से एसीडी कोर्ट तक कनेक्टिंग ब्रिज के निर्माण की मांग रखी। विधायक अशोक कोठारी ने इन कार्यों के लिए विधायक कोष से राशि स्वीकृत करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

राठौड़ ने बताया कि प्रस्तावित कार्यों का एस्टीमेट तैयार कर विधायक को सौंपा जाएगा, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने से अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही संस्था की कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों एवं सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।




# आस्था की डोर से जुड़ेंगे हजारों श्रद्धालु, 20 अगस्त से निकलेगी देवली-कोटड़ी श्याम की 27वीं विशाल पदयात्रा

**:- शुभारंभ से पहले ठाकुरजी के चरणों में समर्पित किया आमंत्रण पत्र, पूजा-अर्चना कर मांगा सफल आयोजन का आशीर्वाद**

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

देवली से कोटड़ी श्याम तक आयोजित होने वाली 27वीं विशाल पदयात्रा को लेकर धार्मिक माहौल बनने लगा है। यात्रा के शुभारंभ से पहले मंगलवार को श्री चारभुजानाथ कोटड़ी पदयात्रा मंडल के पदाधिकारियों ने श्री चारभुजानाथ मंदिर पहुंचकर ठाकुरजी के श्रीचरणों में पदयात्रा का आमंत्रण पत्र समर्पित किया। सामूहिक पूजा-अर्चना और अरदास के साथ यात्रा के निर्विघ्न, सफल एवं मंगलमय संपन्न होने की प्रार्थना की गई। पदयात्रा मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर लाल दीया के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने विधिवत पूजा कर ठाकुरजी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, ट्रस्ट पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु



मौजूद रहे। दीया ने बताया कि 27वीं विशाल पदयात्रा 20 अगस्त को सुबह 9:15 बजे देवली स्थित श्री चारभुजा मंदिर से रवाना होगी। पहले दिन यात्रा जहाजपुर पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम रहेगा। दूसरे दिन रोपा तथा तीसरे दिन बिरधोल में विश्राम के बाद 23 अगस्त (सावन सुदी ग्यारस) को सुबह 9:15 बजे पदयात्री कोटड़ी कृषि उपज मंडी पहुंचेंगे।जहां मंदिर ट्रस्ट एवं नगरवासियों की ओर से श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद भगवान चारभुजानाथ की शोभायात्रा बैंड-बाजों और जयकारों के बीच नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी जो चारभुजानाथ मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद अभिजीत मुहूर्त में मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण होगा। इस दौरान चारभुजानाथ के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि पदयात्रियों के लिए पेयजल, प्राथमिक उपचार, विश्राम, मार्गदर्शन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस और प्रशासन से भी समन्वय किया गया है। पदयात्रा मंडल ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं, व्यापारियों एवं आमजन से पदयात्रा के स्वागत में सहभागिता निभाने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि देवली से कोटड़ी श्याम की यह पदयात्रा क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक परंपराओं में शामिल है जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल चलकर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं।

# दिव्य चातुर्मास सत्संग आचार्य स्वामी आनंद स्वरूपानंद सरस्वती का काछोला में भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

बालाजी संत सत्संग सेवा समिति, काछोला के तत्वावधान में दिव्य चातुर्मास सत्संग के लिए पधारे आचार्य श्री स्वामी आनंद स्वरूपानंद सरस्वती (शिवानंद आश्रम, ऋषिकेश) का काछोला आगमन पर समिति पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। समिति के



अनुसार दिव्य चातुर्मास सत्संग का आयोजन 3 अगस्त से शुभारंभ हुआ जो 25 सितंबर 2026 तक श्री राम सत्संग भवन, बाग के बालाजी, काछोला में आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से 4:30 बजे तक होने वाले सत्संग में आचार्य श्री आध्यात्मिक प्रवचन, भजन एवं सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे।
समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है

# 30 साल से सड़क का इंतजार, गंदगी और कीचड़ से नारकीय जीवन जीने को मजबूर खेजड़ियां के ग्रामीण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

शक्करगढ़ पंचायत के खेजड़ियां गांव में विकास के दावों की हकीकत सड़क पर साफ दिखाई देती है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पिछले करीब 30 वर्षों से सड़क का निर्माण नहीं हुआ, जिसके कारण बरसात के दिनों में मुख्य रास्ता कीचड़ और गंदगी से भर जाता है। घरों के बाहर पानी जमा रहने से लोगों का निकलना दूभर हो गया है और छोटे बच्चों, बुजुर्गों तथा महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।
गांव के लक्ष्मण मेघवंशी ,कालू लाल ,सरदार चंद्र प्रकाश मेघवंशी ,विपिन ,दुर्गालाल जितेंद्र ने बताया कि कई बार पंचायत और संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण व जल निकासी की व्यवस्था कराने के लिए ज्ञापन और शिकायतें दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बारिश के दौरान हालात इतने खराब हो जाते हैं कि दोपहिया वाहन तक निकालना मुश्किल हो जाता है और लोगों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।
ग्रामीणों का कहना है कि सड़क नहीं होने से गंदा पानी घरों के बाहर जमा रहता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण और नाली व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि वर्षों से चली आ रही इस समस्या से राहत मिल सके। ऐसे मामलों में ग्रामीण इलाकों में सड़क और जल निकासी की कमी बरसात के दौरान गंभीर जनस्वास्थ्य और आवागमन की समस्या पैदा करती है।

## इनका कहना हे

पूर्व में यह सड़क नरेगा योजना के तहत स्वीकृति थी कार्य कराने के लिए मौके पर सामग्री भी डाल दी गई थी लेकिन




अपरिहार्य कारणों से कार्य नहीं हो सका वर्तमान में ग्राम पंचायत स्तर पर स्वीकृति लंबित हे जल्द ही मौके पर कार्य करवा दिया जाएगा

**मनभर देवी रैगर प्रशासक ग्राम पंचायत शक्करगढ़**

# हमारे लिए आत्मसाधना का अवसर चातुर्मास- आचार्य पुलकसागर महाराज

**सूर्यमहल में दिया धर्म संदेश, चित्रकूटधाम में सर्व समाज के लिए ज्ञान गंगा महोत्सव 15 अगस्त से**





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ससंघ के चातुर्मासिक मंगल कलश विराजित होने के बाद सूर्यमहल में चातुर्मास की धर्म साधना प्रारंभ हो गई है। आचार्य पुलकसागर महाराज ने धर्म संदेश प्रदान करते हुए कहा कि चातुर्मास हमारे लिए आत्मसाधना का अवसर है। चातुर्मास में हमारा लक्ष्य गुरू चरणों में समर्पित होकर साधना करते हुए अपने गुण स्थान को उपर उठाना होना चाहिए जो जीवन के अंत में हमे मोक्षमार्ग की तरफ ले जाकर एक दिन मोक्ष के अनंत सुख की प्राप्ति करा सकती है। समपर्ण भाव के बिना साधना का सुख नहीं मिल सकता। जिसका मन संयम साधना में लग जाता है उसे फिर सांसारिक कार्यो में आनंद नहीं आता है। उन्होंने कहा कि हमारे भाव पावन ओर निर्मल रहे तो गुणस्थान उपर ले जाएंगे ओर यदि भाव मोह,कषाय,राग,द्धेष में ही लीन रहे तो गुणस्थान का पतन होकर हमारी दुर्गति हो जाएगी। गुणस्थान श्रेष्ठ होने पर जीवात्मा को सद्गति प्राप्त हो सकती है। आचार्यश्री ने कहा कि हम प्रवचन सुनने तो आते है लेकिन उन्हें आत्मसात करने का पूरा प्रयास नहीं करते है। जो प्राणी जिनवाणी को आत्मसात कर लेता है उसका यह भव ओर आने वाले भव भी सुधर जाते है। ऐसे में सभी को प्रयास करना चाहिए कि चातुर्मास में परमात्मा प्रभु के संदेश श्रवण करने का अवसर नहीं छोड़े। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ावासियों को 15 अगस्त से चित्रकूटधाम में ज्ञान गंगा महोत्सव के माध्यम से वह बाते सुनने को मिलेगी जिससे आपको जिंदगी जीने का आनंद मिल सके ओर जीवन की समस्याओं का समाधान प्राप्त हो सके। श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि शुरू में दीप प्रज्वलन एवं पाद प्रक्षालन का सौभाग्य भीलवाड़ा के केसरकुंज निवासी नेमीचंद निर्मलकुमार अर्पित गोधा परिवार ने प्राप्त किया। धर्म संदेश श्रवण करने के लिए भीलवाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो श्रावक-श्राविका पहुंचे थे। सूर्यमहल में आचार्यश्री के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक प्रवचन होंगे। शाम 7 से 8 बजे तक आनंद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि चातुर्मास का प्रमुख आकर्षण सर्व समाज के लिए ज्ञान गंगा महोत्सव 15 से 30 अगस्त तक चित्रकूटधाम में आयोजित किया जाएगा जिसके लिए तैयारियां जारी है। इस महोत्सव में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आचार्यश्री के मुखारबिंद से प्रवचन सुनने उमड़ेंगे। ज्ञान गंगा महोत्सव में शामिल होने के लिए देश प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से भी श्रद्धालु भीलवाड़ा आएंगे।

## QUICK BITES

### ज्योति प्रकाश सोनी भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं छत्तीसगढ़ भाजपा के पूर्व सह-प्रभारी ज्योति प्रकाश सोनी को भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान का प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कृषि कल्याण नीतियों के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर किए गए उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए की गई है।
भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए सोनी को संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं दायित्वों के निर्वहन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं और आमजन तक पार्टी की नीतियों एवं किसान हितैषी योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया।
नियुक्ति के बाद ज्योति प्रकाश सोनी ने कहा कि वे प्रदेश के किसानों के हितों की रक्षा, किसान कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 'समृद्ध किसान-सशक्त राजस्थान' के संकल्प को साकार करने के लिए गांव-गांव और ढाणी-ढाणी चौपाल आयोजित कर किसानों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी।

### 20 अगस्त को निकलेगी देवली से श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ की 27वीं विशाल पदयात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ की 27वीं विशाल पदयात्रा का आयोजन 20 अगस्त से किया जाएगा। देवली स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर से प्रारंभ होने वाली इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। यात्रा 23 अगस्त को कोटड़ी स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
श्री चारभुजा पदयात्रा समिति के राकेश कुमार दिया ने बताया कि पदयात्रा 20 अगस्त को सुबह 9:15 बजे देवली स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर से नगर भ्रमण के बाद विधिवत रवाना होगी। यात्रा में डीजे, ढोल-नगाड़ों एवं जयकारों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे।
यात्रा का प्रथम विश्राम 20 अगस्त को जहाजपुर, 21 अगस्त को रोपा तथा 22 अगस्त को बीरधौड़ में रहेगा। इसके बाद 23 अगस्त को पदयात्री जयकारों के साथ श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचेंगे।
कोटड़ी पहुंचने पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12:15 बजे मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा।

### चंवरा के हनुमान जी के दान पात्र खोला 1 लाख 23 हजार 515,रूपये की राशि निकली

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



(रोशन) मेवाड़ का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा का हनुमान जी के मंगलवार के शुभ अवसर पर दोपहर 1:00 बजे महा आरती के तत्पश्चात दानपात्र खोला गया। दानपात्र से 1 लाख 23 हजार 515 रूपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर
चंवरा का हनुमान जी के मंदिर निर्माण कमेटी अध्यक्ष बालूराम अहीर ,सचिव मदन सुथार, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र बशेर कालू सिंह चौहान, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, दिनेश पोरवाल, मोहन सिंह ,नारायण गुर्जर, नेत्रपाल सिंह, लादु व्यास ,लक्ष्मण मदन मेवाड़ा ,सिंह, करण सिंह, अमर सिंह, तारा शंकर जायसवाल बालूलाल शर्मा, रणजीत प्रजापत ,सहित कई भक्त उपस्थित थे

### बार काउंसिल ऑफ राजस्थान चुनावः सुरेशचंद्र श्रीमाली लगातार पांचवीं बार विजयी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव में भीलवाड़ा के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वर्तमान में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के को-चेयरमैन सुरेशचंद्र श्रीमाली लगातार पांचवीं बार विजयी घोषित हुए हैं। उनकी जीत की घोषणा होते ही भीलवाड़ा सहित मेवाड़ क्षेत्र के अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।
अधिवक्ता पीरू सिंह गौड़ ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव अप्रैल 2026 में संपन्न हुए थे, जिनकी मतगणना पिछले तीन माह से जारी है। अब तक केवल पांच प्रत्याशी ही जीत के लिए आवश्यक 2,615 मत प्राप्त कर सके हैं। इनमें प्रथम स्थान पर भीलवाड़ा के नीरज कुमार गुर्जर, दूसरे स्थान पर जयपुर के हरेंद्र सिंह सिनसिनवार, तीसरे स्थान पर उदयपुर के रतन सिंह राव, चौथे स्थान पर जयपुर के भुवनेश शर्मा तथा पांचवें स्थान पर भीलवाड़ा के सुरेशचंद्र श्रीमाली विजयी घोषित किए गए हैं।
उन्होंने बताया कि बार काउंसिल ऑफ राजस्थान में कुल 18 पुरुष एवं 5 महिला अधिवक्ता निर्वाचित होंगे, जबकि 2 महिला अधिवक्ताओं का मनोनयन किया जाएगा। मतगणना अभी जारी है और इसके अगले 7 से 10 दिनों में पूर्ण होने की संभावना है।
सुरेशचंद्र श्रीमाली की लगातार पांचवीं जीत पर भीलवाड़ा न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।